वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का आयोजन

आरबीआई की महाप्रबंधक सोनाली दास रहीं मुख्य अतिथि

श्रावस्ती (सदभावना का प्रतीक समाचार)।औपचारिक वित्तीय सेवाओं की सर्वव्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी वित्तीय समावेशन अभियान के अंतर्गत जनपद श्रावस्ती के इकौना ब्लॉक परिसर में एक वित्तीय समावेशन संतृप्ति शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।इस शिविर में भारतीय रिजर्व बैंक, लखनऊ की महाप्रबंधक श्रीमती सोनाली दास मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री जन धन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना

तथा अटल पेंशन योजना जैसी प्रमुख वित्तीय समावेशन योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के नामांकन को बढ़ावा देना और उसे सरल बनाना था।श्रीमती दास ने स्थानीय सामुदायिक बैंक अधिकारियों और स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों से संवाद कर वित्तीय समावेशन की प्रगति का आकलन किया और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय पहुंच के अंतर को कम करने हेतु रणनीतियों पर चर्चा की।शिविर में निम्न बिंदुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया-बैंक रहित और बैंकिंग सुविधा प्राप्त लोगों को संगठित करना-निष्क्रिय खातों में री-केवाईसी की प्रक्रिया,सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूकता तत्काल खाता खोलने और बीमा/पेंशन नामांकन की सुविधा,वित्तीय साक्षरता सत्रों के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा की समझ को मजबूत बनाना इस अवसर पर अग्रणी जिला प्रबंधक जुगल किशोर सिंह, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनुज कुमार, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अमित कुमार वार्ष्णेय, इकौना ब्लॉक की सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधक एवं बैंक मित्र उपस्थित रहे। यह शिविर वित्तीय समावेशन को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।

यूनियन बैंक आफ इंडिया ने सेमिनार का किया आयोजन

- प्रधानमंत्रीजन-धन योजना का उद्देश्य देश के हर नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है

निगाह प्रतिनिधि । फतेहपुर-बाराबंकी

बुधवार सभागार में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आरबीआई महाप्रबंधक सोनाली दास ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के भारी संख्या में आये खाता धारकों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित बैंक ग्राहकों को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख अरुण कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं प्रदान करता है। जिसमें समावेशन योजनाएं शामिल है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया, प्रधानमंत्री जन-धन योजना का उद्देश्य देश के हर नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है। जैसे कि जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह, पीएम कुसुम योजना, केसीसी योजना तथा माइक्रो क्रेडिट आदि के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भी विशेष महत्व रखती है। जिसमें ग्राहकों को एक वर्ष के लिए दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाता है जिससे हर साल नवीनीकृत किया जा सकता है। इस बीच आरबीआई महाप्रबंधक सोनाली दास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, सभी खाता धारक को चाहिए केवाईसी की प्रक्रिया को संपूर्ण कर लें जिससे खाते में ट्रांजेक्शन के चलते किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो। इस आधुनिक बैंकिंग सुविधा के तौर में हमें प्रोड काल से भी बचना है जिससे हमारी मेहनत की कमाई कोई दूसरा हाथ न साफ कर सके। इसी कड़ी में पूर्व शाखा मैनेजर रवि किरण करपाजी ने लोगों से अपनी बात रखते हुए कहा, वर्ष 2008 में फतेहपुर की शाखा ने सेवा भाव से कार्य को शुरू किया था। जो आप सभी के सहयोग से वर्तमान समय 2025 में करीब 200 करोड़ का टर्नओवर करते हुए शाखा ने नहीं बुलंदियों को प्राप्त किया है। यह आप लोगों की सहभागिता के बिना संभव नहीं था। इस दौरान पदाधिकारियों ने एक प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थी को स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया। वहीं स्वयं सहायता समूह में तेहरा, केसीसी लाभार्थियों में पांच मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत तीन लोगों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर आरबीआई सहायक लखनऊ दीपक तिवारी, श्रीएनएम आदित्य मोहन वर्मा, एलडीएम सौरभ मौर्य, राजविंदर कौर, एडीओ सुनील कुमार सेठ सहित बड़ी संख्या में खाता धारक व क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।

वित्तीय समावेशन संतृप्तया शिविर का हुआ आयोजन

श्रावस्ती 24 जुलाई (भि0टा0सं0)। औपचारिक वित्तीय सेवाओं की सर्वव्यापक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी वित्तीय समावेशन अभियान के तहत श्रावस्ती जनपद के इकौना ब्लॉक के ब्लॉक परिसर में एक वित्तीय समावेशन संतृप्तया शिविर का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में भारतीय रिजर्व बैंक लखनऊ से श्रीमती सोनाली दास महाप्रबंधक मुख्य अतिथि रही ।शिविर का मुख्य उद्देश्य प्रधानमंत्री जन धन योजना प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना एवं प्रधानमंत्री अटल पेंशन योजना जैसी विभिन्न प्रमुख वित्तीय समावेशन योजनाओं के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों के नामांकन को बढ़ावा देना और सुगम बनाना था।

श्रीमती सोनाली दास ने स्थानीय सामुदायिक बैंक अधिकारियों और स्वयं सहायता समूह के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की ताकि प्रगति का आकलन किया जा सके और ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन के अंतर को कम करने की रणनीतियों पर चर्चा की जा सके शिविर में बैंक रहित और बैंकिंग सुविधा वाले लोगों को संगठित करना निष्क्रिय खातों में री-केवाईसी विभिन्न सरकारी समर्थित सामाजिक सुरक्षा योजना और डिजिटल बैंकिंग के बारे में जागरूकता पैदा करना तत्काल खाता खोलने और नामांकन की सुविधा प्रदान करना तथा बैंकिंग सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा की समझ को बेहतर बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता सत्र आयोजित करने जैसे कई अन्य आवश्यक मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया गया इस मौके पर अग्रणी जिला प्रबंधक जुगल किशोर सिंह जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड अनुज कुमार उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री अमित कुमार वार्ष्णेय एवं जनपद जनपद श्रावस्ती के ब्लाक इकौना के सभी शाखा प्रबंधक एवं बैंक मित्र मौजूद रहे।

ग्राहकों को मिल रहा योजनाओं का लाभः सोनाली

सुविधा

अमर भारती ब्यूरो

फतेहपुर-बाराबंकी। बुधवार सभागार में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रमुख अरुण कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एक विशेष सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें आर.बी.आई महाप्रबंधक सोनाली दास ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

कार्यक्रम में मौजूद पदाधिकारियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के भारी संख्या में आये खाता धारकों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को बैंक से संबंधित विभिन्न योजनाओं की जानकारी साझा की। कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित बैंक ग्राहकों को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय प्रमुख अरुण कुमार श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों के लिए केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाएं प्रदान करता है। जिसमें समावेशन योजनाएं शामिल है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया, प्रधानमंत्री जन-धन योजना का उद्देश्य देश के हर नागरिक को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना है। जैसे कि जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह, पीएम कुसुम योजना, केसीसी योजना तथा माइक्रो क्रेडिट आदि के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भी विशेष महत्व रखती है। जिसमें ग्राहकों को एक वर्ष के लिए

◆ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने सेमिनार का किया आयोजन

दुर्घटना बीमा कवर प्रदान किया जाता है जिसे हर साल नवीनीकृत किया जा सकता है। इस बीच आरबीआई महाप्रबंधक सोनाली दास ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा, सभी खाता धारक को चाहिए केवाईसी की प्रक्रिया को संपूर्ण कर लें जिससे खाते में ट्रांजेक्शन के चलते किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न ना हो। इस आधुनिक बैंकिंग सुविधा के तौर में हमें प्रोड काल से भी बचना है जिससे हमारी मेहनत की कमाई कोई दूसरा हाथ न साफ कर सके। इसी कड़ी में पूर्व शाखा मैनेजर रवि किरण करपाजी ने लोगों से अपनी बात रखते हुए कहा, वर्ष 2008 में फतेहपुर की शाखा ने सेवा भाव से कार्य को शुरू किया था। जो आप सभी के सहयोग से वर्तमान समय 2025 में करीब 200 करोड़ का टर्नओवर करते हुए शाखा ने नहीं बुलंदियों को प्राप्त किया है। यह आप लोगों की सहभागिता के बिना संभव नहीं था। इस दौरान पदाधिकारियों ने एक प्रधानमंत्री मुद्रा ऋण योजना के लाभार्थी को स्वीकृत पत्र प्रदान किया गया। वहीं स्वयं सहायता समूह में तेहरा, केसीसी लाभार्थियों में पांच मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत तीन लोगों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम का सफल संचालन अजय बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर आरबीआई सहायक लखनऊ दीपक तिवारी, श्रीएनएम आदित्य मोहन वर्मा, एलडीएम सौरभ मौर्य, राजविंदर कौर, एडीओ सुनील कुमार सेठ सहित बड़ी संख्या में खाता धारक व क्षेत्र की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रही।